राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0 30–22/2018 1893

प्रेषक,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
किशनगंज।

पटना, दिनांक– 22.04.24

विषय :– पोठिया प्रखंड ग्राम पंचायत भोटाथाना के उप मुखिया प्रखंड कोचाधामन ग्राम पंचायत मजगामा के उप मुखिया एवं प्रखंड बहादुरगंज ग्राम पंचायत बनगामा के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 114 दिनांक 02.02.2024, पत्रांक 127 दिनांक 06.02.2024 एवं पत्रांक 177 दिनांक 10.02.2024

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं, जिनके समीक्षोपरान्त पाया गया कि **पोठिया प्रखंड ग्राम पंचायत भोटाथाना के उप मुखिया प्रखंड कोचाधामन ग्राम पंचायत मजगामा के उप मुखिया एवं प्रखंड बहादुरगंज ग्राम पंचायत बनगामा के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधी सूचना नोटिस में कारण/आरोप अंकित नहीं की गई है। जो बिहार पंचायत राज संस्था (कार्य संचालन) नियमवली 2015 के नियम 06 (I) का उल्लंघन है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि संदर्भित विषय में बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 157 के तहत् वैधानिक परीक्षण के उपरान्त प्रस्ताव भेजने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
22/4/24
सचिव।

22.4.24

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847. E-mail: secbihar@gmail.com